दीनदयाल उपाध्याय ने 'एकात्म मानववाद' की संकल्पना दी

भारतीय जनसंघ के प्रखर विचारक और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने शिरकत की।

बीकानेर, (कासं)। भारतीय जनसंघ के प्रखर विचारक और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती सादगी व श्रद्धा के साथ मनाई जा रही है। उनके जीवन के कई प्रसंग आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं। मुख्य वक्ता केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने उनके विचार, उनके दूरदर्शिता, उनके जीवन के सिद्धांतों को कार्यकर्ताओं के साथ साझा किए। मेघवाल ने कहा कि पंडित

- **अर्जुनराम मेघवाल ने उपाध्याय के विचार, उनकी दूरदर्शिता, उनके जीवन के सिद्धांतों को कार्यकर्ताओं के साथ साझा किया**

दीनदयाल उपाध्याय ने पश्चिमी एकांतवाद की जगह भारतीय जीवन दर्शन पर आधारित 'एकात्म मानववाद' की संकल्पना दी। उनका कहना था कि व्यक्ति, समाज और प्रकृति तीनों एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। विकास तभी सार्थक होगा जब इनका संतुलन बना रहे। उनका अंत्योदय का विचार आज भी देश की नीतियों का मार्गदर्शन कर रहा है। उनका मानना था कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचना ही वास्तविक प्रगति है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन संदेश देता है कि सच्चा नेतृत्व सेवा, त्याग और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की भावना से ही पूर्ण होता है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुमन छाजेड़, देहात अध्यक्ष श्यामसुंदर पंचारिया, ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष चंपालाल गेदर, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय आचार्य, अखिलेश प्रताप सिंह, जितेन्द्र राजवी, ओम सोनगरा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर अपने विचार रखे। मीडिया संयोजक कमल गहलोत ने बताया कि मंच संचालन श्याम सिंह हाड़ला ने किया। जयंती कार्यक्रम में ओबीसी प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर चारण, जिला महामंत्री दिलीप सिंह राजपुरोहित, जिला उपाध्यक्ष दीपक पारीक, मोतीलाल हर्ष, अशोक प्रजापत, भूपेन्द्र शर्मा, सरिता नाहटा, सोहन प्रजापत, किशन मोदी, जिला मंत्री धर्मेन्द्र सिंह सोलंकी, सुनीता हटीला, झमकू देवी, तरूण स्वामी, रामचंद्र सोनी, सोशल मीडिया संयोजक चंद्रप्रकाश गहलोत, तरुण स्वामी, सह संयोजक चंद्रशेखर शर्मा, आई टी सेल संयोजक सुशील आचार्य, रामकुमार व्यास, मंडल अध्यक्ष प्रकाश मेघवाल, देवरूप सिंह, धर्मपाल डूडी, प्रेम गहलोत, आशा आचार्य, दिनेश चौहान, मोर्चा अध्यक्ष राजाराम सींगड, चंद्रमोहन जोशी, सोहन चांवरिया, भंवरलाल जांगिड़, अनिल शुक्ला, श्यामसुंदर चौधरी, सांगीलाल गहलोत, भवानी पाइवाल, विजय उपाध्याय, किशन गोदारा, आनंद सिंह, विजय उपाध्याय, मुकेश ओझा, कमल आचार्य, संजय गुप्ता, पुखराज स्वामी, सुषमा बिस्सा, राजश्री कच्छवा, भारती अरोड़ा, चंद शेखावत, निशांत गौड़, अंकित तंवर, शिव लाल तेजी, गजेन्द्र सिंह, मुकेश बन, दिनेश सांखला, कारण नायक सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। सूरतगढ़, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को बूथ संख्या 109 स्थित भाजपा नेता नरेंद्र कालड़ा मोनू के निवास स्थान पर एक भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

गिव अप अभियान प्रगति की समीक्षा

श्रीगंगानगर, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई।

इस दौरान प्रभारी मंत्री ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इनके प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ही समयबद्धता और गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए।

बैठक में गिव अप अभियान प्रगति की समीक्षा करते हुए गोदारा ने कहा कि सक्षम होने के बावजूद खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ नहीं छोड़ने वालों को नोटिस जारी किए जाएं। साथ ही उनकी जानकारी सार्वजनिक करते हुए विभागीय नियमानुसार कार्रवाई की जाए। विद्युत व्यवस्था में सुधार और सुदृढ़ीकरण के लिए 33 केवी जीएसएस के प्रस्ताव भिजवाए जाएं। लाडो प्रोत्साहन योजना, कृषि एवं उद्यान सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि अधिकारी इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। बरसाती पानी की निकासी के लिए पाताल तोड़ कुएं बनाने के लिए नगर परिषद और नगर विकास न्यास को निर्देशित करते हुए गोदारा ने कहा कि बरसाती पानी नहीं ठहरेगा तो सड़कें क्षतिग्रस्त नहीं होंगी। सैनिक स्कूल के संबंध में कार्रवाई के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन समयावधि में हो।

निगम ने किए 2.30 करोड़ के टेंडर

बीकानेर, (कासं)। शहर चलो प्रशासन अभियान के दौरान लग रहे शिविरों में टूटी सड़कें, फैरोकवर, नाली क्रॉस, खुले चैम्बर की सैकड़ों शिकायतें पहुंच रही हैं। अब तक आई शिकायतों के निस्तारण के लिए नगर निगम ने एआरसी से 2.30 करोड़ के टेंडर कर दिए। मगर चिंता की बात ये है कि कार्य की अवधि 3 महीने से 12 महीने तक रख दी। ऐसे में ठेकेदारों के पास तो समय रहेगा मगर जनता को तत्काल समाधान की जरूरत है।

दरअसल शिविरों में बारिश के बाद नगर निगम से ही जुड़ी ज्यादातर शिकायतें पहुंच रही हैं। इसमें टूटी सड़क, खुले मैनहोल, फैरोकवर, नाली क्रॉस, टूटी नाली, नालों को दुरुस्त कराने की मांग शामिल है। तमाम वार्डों से जब कॉमन मांगें पहुंची तो निगम ने एआरसी के तहत 2 करोड़ 30 लाख रूपए मंजूर कर दिए। एनआईटी लगा दी। एक जैसे कामों का पैकेज बनाया। उसके बाद उनको ठीक कराने के निर्देश दिए।

निगम कमिश्नर मयंक मनीष ने बताया कि बारिश के बाद गली-मोहल्लों से लेकर सड़कों पर कई तरह के नुकसान होते हैं। गड्ढे भी होते हैं। कुछ डैमेज भी होता है तो ये शिकायतें स्वाभाविक हैं लेकिन मैंने उन सबको एकजुट करके उसे एआरसी से कराने का निर्णय किया ताकि टेंडर की लम्बी प्रक्रिया से छुटकारा मिले और लोगों के समय पर काम हों। उन्होंने कहा कि एआरसी का जो 12 माह का समय है वो ये है कि 12 महीने के भी इन वार्डों में कभी भी और कहीं भी काम हो सकता है। ठेकेदारों को निर्धारित समय पर ही भुगतान दिया जायेगा।

सार-समाचार

567 चयनितों को नियुक्त पत्र सौंपे

जिला स्तरीय कार्यक्रम में एडीएम सिटी रमेश देव ने 567 चयनितों को नियुक्त पत्र सौंपे।

बीकानेर, (कासं)। एडीएम सिटी ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में कुल 567 अभ्यर्थियों को बीकानेर में सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। जिनमें से 158 अभ्यर्थी पशुपालन के, 167 एलडीसी, 83 कनिष्ठ अनुदेशक, 01 छात्रावास अधीक्षक, 63 अध्यापक लेवल द्वितीय, 85 कनिष्ठ अभियंता और 10 वरिष्ठ अध्यापक शामिल थे। अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र के साथ दुपट्टा, पेन, डायरी, कर्तव्य दायित्व बुकलेट, प्रवेश पत्र, प्रमाण पत्र व बैज भी प्रदान किए गए। प्रधानमंत्री के बांसवाड़ा कार्यक्रम के समापन के बाद रविन्द्र रंगमंच पर एडीएम सिटी रमेश देव ने 16 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इनमें ज्योति सोलंकी, कमलेश, रचना मेघवाल, यशिका सिंह, देवेन्द्र खीचड़, अपूर्वा गहलोत, राजेश्वरी व्यास, मुनेश कुमारी, वर्षा सिंह, सरिता, महिपाल मेघवाल, अम्बिका कंवर, हितेश खत्री, मूल सिंह पडिहार, रेशमा खान, रामदयाल, राकेश बिश्नोई शामिल थे।

नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र

नई धानमंडी गंगानगर में आयोजित शिविर में प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा ने नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

श्रीगंगानगर, (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में रोजगार उत्सव का राज्य स्तरीय कार्यक्रम गुरूवार को बांसवाड़ा में आयोजित हुआ। इसके तहत वीसी के माध्यम से जिला स्तरीय कार्यक्रम दी गंगानगर ट्रेडर्स एसोसिएशन नई धानमंडी श्रीगंगानगर के हॉल में सम्पन्न हुआ। इस दौरान अतिथियों ने विभिन्न विभागों में नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। नियुक्ति पत्र पाकर नवनियुक्त कार्मिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सरकार का आभार जताया। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में जिला प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। निर्धारित समय पर पारदर्शी रूप से परीक्षाएं हो रही हैं और युवाओं को नौकरियां मिल रही हैं। इससे सरकार के प्रति युवाओं का विश्वास और मजबूत हुआ है। कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री निहालचंद, विधायक जयदीप बिहाणी, पूर्व मंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी, शरणपाल सिंह मान, जिला कलेक्टर डॉ. मंजू, एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार, जिला परिषद सीईओ गिरधर, नयन गौतम, भारत जयप्रकाश मीणा, स्वाति गुप्ता, डॉ. संजीव मलिक, प्रियंका बैलान, संतोष बावरी, सतपाल कासनिया, आत्माराम तरड़, रतनलाल गणेशगढ़िया, प्रदीप धेरड़, हनुमान गोयल, चेष्टा सरदाना सहित अन्य मौजूद थे। प्रीति गर्ग और भारत सिडाना ने मंच संचालन किया।

10.50 करोड़ से बनेंगे तीन नाले

बीकानेर, (कासं)। लम्बे समय से बीकानेर में नगर निगम वाली रोड पर सबसे ज्यादा जलभराव होता है। इसी सीरीज में अब ढोलामारू और कलेक्ट्रेट परिसर भी शामिल हो गया है। बारिश के दिनों में इन तीनों केन्द्रों के कारण पूरा शहर अस्तव्यस्त हो जाता है। अगले साल जनता को ये समस्या न हो इसके लिए नगर निगम ने प्लान बनाकर काम करना शुरू कर दिया है। डीएमएफटी से मिले 10.50 करोड़ रूपये से इन तीनों जगह नाले बनाए जायेंगे। दरअसल बीकानेर में 27 जलभराव वाले प्रमुख केन्द्र हैं। वल्लभ गार्डन और खुदखुदा नाला ऐसी जगह है जहां बड़े स्तर पर सुधार होना है। उसके लिए 59 करोड़ रूपये पहले से मंजूर होकर टेंडर हो गए हैं। मगर नगर निगम वाली रोड, कलेक्ट्रेट परिसर और ढोलामारू के सामने जल भराव प्रमुख समस्या बन गई। इसके निदान के लिए डीएमएफटी से 10.50 करोड़ रूपए कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने निगम को दिए हैं। निगम अब निगम रोड के पेट्रोल पंप के पास पंपिग स्टेशन तैयार कराकर वहां से एक पाइप लाइन सीधे कीर्ति स्तंभ चौराहे वाले नाली में डालकर पानी निकालेगा। ढोलामारू के सामने से एक छोटा नाला बनेगा जो पीबीएम नाले से जुड़ेगा। इसी तरह कलेक्ट्रेट से एक छोटा नाला बनेगा जो सर्किट हाउस के पास वाले नाले से जुड़ेगा। ऐसा होने से बारिश का पानी इन तीनों जगह से तेजी से निकाल सकेगा।

युवक की सड़क हादसे में मौत

अनूपगढ़, (कासं)। अनूपगढ़ में नेशनल हाईवे 911 पर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। गांव बांडा से 11 एसजेएम की लिंक रोड पर रात करीब 9 बजे एक बाइक की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक सवार 11 एसजेएम रोड पर जा रहा था। इस दौरान आगे जा रहे अज्ञात वाहन को युवक ने पीछे से टक्कर मार दी। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। ग्रामीण घायल युवक को पहले बांडा के बस स्टैंड ले गए। वहां से एम्बुलेंस की मदद से उसे अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उसके जेब से मिले आधार कार्ड से हुई। वह करणवीर सिंह पुत्र सलविंदर सिंह था। वह 44 पीएस रायसिंहनगर का रहने वाला था। सूचना मिलने पर परिजन और पुलिस अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने घटना की जानकारी ली।

लेटरल एंट्री के विरोध में डॉक्टरों की रैली, दो घंटे काम बंद रहा

बीकानेर, (कासं)। राज्य में लेटरल एंट्री को लेकर डॉक्टरों के बीच मतभेद बढ़ता जा रहा है। मेडिकल कॉलेज टीचर्स ने रैली निकाली। इस वजह से सुबह करीब दो घंटे तक पीबीएम हॉस्पिटल में मरीजों को देखने का काम बाधित रहा।

इस मतभेद का कारण नेशनल मेडिकल कमीशन की वह अधिसूचना है, जिसमें कहा गया है कि सेवारत चिकित्सकों को मेडिकल टीचर बनने का मौका दिया जाना चाहिए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग (ग्रुप- 2) के 220 बेड वाले अस्पतालों में कार्यरत पीजी डिग्रीधारी चिकित्सा अधिकारियों को असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के रूप में सीधे नियुक्त करने के लिए कमेटी बना दी। मौका उन्हीं को मिलेगा, जो 2 से 10 साल तक सेवा दे चुके हैं। इसके विरोध में मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन की एक

- **मरीजों को 2 घंटे करना पड़ा इंतजार, ऑपरेशन का समय भी बढ़ा**

घंटे की पेन डाउन हड़ताल पिछले करीब एक सप्ताह से चल रही है। उन्होंने रैली निकाल पर विरोध प्रदर्शन किया। रैली मेडिकल कॉलेज से अम्बेडकर सर्किल होते हुए पीबीएम हॉस्पिटल कैम्पस पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. तुंदवाल ने कहा कि इस कमेटी का गठन चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। कमेटी को तत्काल भंग किया जाना चाहिए।

चिकित्सा शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यह प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा, जब तक सरकार कमेटी को भंग नहीं करती। रैली में डॉ. संजय कोचर, डॉ. परमेन्द्र सिरोही, डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. रजनीश वी. बरार, डॉ. अशोक लुनिया, डॉ. बी.सी. घीया, डॉ. रोहिताश कुलरिया, डॉ. नीलिमा अरोड़ा, डॉ. मुकेश बेनीवाल, डॉ. भागीरथ राम बिश्नोई, डॉ. दुर्गाशंकर, डॉ. मधुसूदन, डॉ. इंद्रपुरी, डॉ. ओमप्रकाश सिंह, डॉ. महेन्द्र सिसोदिया, डॉ. जी.एस. तंवर सहित करीब 300 टीचर्स शिक्षक शामिल हुए।

लेटरल एंट्री के दो घंटे के विरोध के चलते पीबीएम हॉस्पिटल में मरीजों की परेशानी बढ़ रही है। बुधवार को डॉक्टरों की रैली के कारण ऑपरेशन भी देर से शुरू हुए। सीनियर डॉक्टर सुबह 11 बजे तक आउटडोर और वार्डों में पहुंचे। हॉस्पिटल में करीब छह हजार मरीज रोज आते हैं। सीनियर डॉक्टर को दिखाने के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ता है।

खाड़ी में बने सिस्टम से बढ़ेगी गर्मी

बीकानेर, (कासं)। म्यांमार से सटे बंगाल की खाड़ी में सर्कुलेशन सिस्टम बना हुआ है। आने वाले 24 घंटों में तेज होकर लो प्रेशर एरिया में तब्दील हो जायेगा। इस वजह से आने वाले दिनों में बीकानेर में तापमान में इजाफा तो होगा मगर बारिश की संभावना अब कम है।

मौसम विभाग के जानकारों के मुताबिक ये लो प्रेशर एरिया 26 सितम्बर के आसपास दक्षिणी उड़ीसा व उत्तरी आंध्र प्रदेश तट पर और तीव्र होकर अवदाब बनने की प्रबल संभावना है। इस कारण 28 सितम्बर से 3 अक्टूबर के दौरान राज्य के पूर्वी, दक्षिणी-पूर्वी व दक्षिणी भागों में बारिश की संभावना है। हालांकि मौसम विभाग की वेबसाइट में अभी बीकानेर में बारिश के कोई संकेत नहीं है मगर आसपास बादलों की आवाजाही से तापमान जरूर बढ़ सकता है। 30 सितम्बर तक दिन में गर्मी और बढ़ेगी तापमान 38 डिग्री तक पहुंचेगा।

फर्जी खातेदारी से जमीन हड़प कॉलोनी काटी

बीकानेर, (कासं)। ग्राम चकगर्बी में फर्जी खातेदारी से सरकारी जमीन हड़पकर कॉलोनी काटने का आरोप लगाते हुए मुक्ताप्रसाद पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

जस्सूसर गेट के बाहर निवासी चन्द्रप्रकाश गहलोत की ओर से इस्तगासे के जरिए मुक्ताप्रसाद पुलिस थाने में दर्ज मुकदमे में बताया गया है कि 19 बीघा 14 बिस्वा खातेदारी जमीन का 27 जून, 04 को कैम्प में इंतकाल दर्ज करा लिया गया। जमीन रतनी देवी की बताई गई, जबकि उसे ना तो जमीन के बारे में कोई जानकारी है और ना ही वह कभी जमीन पर काबिज रही है। उसके नाम का टीसी आवंटन रकबा भी नहीं रहा।

केवलचंद दत्तक पुत्र रतनी देवी माली, नवलखी राठी, मोहनलाल राठी, कपूरचंद राठी, रामस्वरूप राठी, नाथी देवी माली व मुरलीधर आचार्य ने आपसी मिलीभगत और धोखाधड़ी से

- **फर्जीवाड़ा से घपला किया और कैम्प में आनन-फानन में इंतकाल दर्ज करा लिया**

जमीन हथियाने के लिए फर्जी रतनी देवी को खड़ा कर घपला किया और कैम्प में आनन-फानन में इंतकाल दर्ज करा लिया।

हल्का पटवारी ने रिपोर्ट बताया है कि रतनी व जेठाराम के नाम से कोई भूमि सरकारी रिकॉर्ड में नहीं है। सरकारी भूमियों की खातेदारी नहीं दी जा सकती और इसकी जांच चल रही है। एसडीएम बीकानेर के कार्यालय में खातेदारी प्रदान करने की कोई पत्रावली उपलब्ध नहीं है। आरोपियों ने जालसाजी से दस्तावेज तैयार किए और जमीन के विक्रय पत्र अपने नाम करा कॉलोनी काट प्लाट बेच रहे हैं।

सीएचडी नहर में पानी की चोरी का प्रयास

छतरगढ़, (कासं)। सीएचडी नहर में रात्रि को फिर साइफन लगाकर पानी चोरी करने का प्रयास किसानों की सूझबूझ से विफल हो गया। किसानों के पहुंचने पर चोरी करने वाले साइफन लेकर मौके से भाग गए।

इस संबंध में किसानों ने छतरगढ़ जल संसाधन खंड के अधीक्षण अभियंता श्रीफल मीणा के कार्यालय में पहुंचकर विरोध जताया। लगातार हो रही पानी चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की। भंवरलाल काजला, नानक राम ज्याणी, भीखाराम तर्ड, खींयाराम कुम्हार, तोलाराम खिलेरी, बृजलाल शर्मा, तुलसीराम शर्मा आदि ने बताया कि चलती नहर से साइफन लगाकर पानी चोरी करते हुए दो जनों को तीन दिन पूर्व पकड़ा था।

- **किसानों ने गश्त लगाई तो भागे पानी चोर, दो के खिलाफ मामला दर्ज**

उसी क्षेत्र के आसपास मंगलवार रात को भी साइफन लगाकर पानी चोरी का प्रयास किया गया। हम रात को पहुंचे तो उन्होंने हमें देख लिया और साइफन लेकर भाग गए। उन्होंने लगातार पानी चोरी से टेल पर बने उनके खेतों में हुए नुकसान को भरपाई के लिए अतिरिक्त पानी देने की मांग की। अधीक्षण अभियंता ने अधिशासी अभियंता सांवरमल, हल्का पटवारी को तत्काल जांच करने के निर्देश दिए।

चार मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित

बीकानेर, (कासं)। जांच के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाये जाने पर चार मेडिकल स्टोर्स के अनुज्ञापत्र निलम्बित किए गए है।

अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक देवेन्द्र कुमार केदावत ने बताया कि सादुल कॉलोनी स्थित जयश्री कृष्णा मेडिकल स्टोर का अनुज्ञापत्र 6 अक्टूबर 1 दिन के लिए, कुचोर आथुनी स्थित विकास मेडिकल एंड जनरल स्टोर, 6 से 9 अक्टूबर तक 4 दिन के लिए, देशनोक स्थित श्री करणी इन्द्र मेडिकल का अनुज्ञापत्र 29 सितम्बर से 3 अक्टूबर एवं हमालों की बारी, छींपों की मस्जिद के पास स्थित मिश्कात मेडिकल एंड जनरल स्टोर का अनुज्ञापत्र 6 से 10 अक्टूबर तक 5 दिन के लिए निलंबित कर दिए गए हैं।

हेलमेट नहीं लगाने से ढाई साल में 27 लोगों की हादसों में मौत

बीकानेर, (कासं)। ये तो मात्र उदाहरण हैं जो बताते हैं कि बाइक चलाते समय हेलमेट नहीं लगाना मौत का कारण बन सकता है। ज्यादातर हादसों में बाइक सवार की मौत होने पर पुलिस की जांच में सामने आता है कि हेलमेट लगा होता तो जान बच सकती थी। मंगलवार की रात को भी जयपुर-जोधपुर बाईपास पर तीन युवकों को जान से हाथ धोना पड़ा। क्योंकि बाइक सवार युवकों ने हेलमेट नहीं लगा रखा था।

तीन सालों का पुलिस रिकॉर्ड खंगालने पर सामने आया कि हेलमेट नहीं लगाने से ढाई साल में 27 बाइक सवार लोगों की हादसे में मौत हो गई। इनमें लगभग सभी के सिर में गंभीर

- **जांच में आया कि बाइक चलाते समय हेलमेट नहीं लगाना मौत का कारण बना**

चोट लगी। अगर हेलमेट पहना होता तो शायद चोट ज्यादा गंभीर नहीं होती और जान बच सकती थी। ज्यादातर हादसे हाईवे पर ही हुए। बाइक सवार वाहनों की चपेट में तो आए ही, आवारा पशु अचानक सामने आने से संतुलन बिगड़ा और गिरने पर सिर में गंभीर चोट लगने से भी मौत हुई। मारे गए ज्यादातर बाइक सवार युवा थे जिनकी उम्र 18 से 40 के बीच थी। गंगाशहर, नाल, बज्जू, कोटगेट, पूगल, हदां, कालू पुलिस थानों ने हेलमेट बिना एक भी बाइक सवार की मौत नहीं बताई है।

बिना हेलमेट दुपहिया सवारों की सड़क हादसे में मौत रोकने के लिए खुद का जागरूक होना जरूरी है। स्वयं को तय करना होगा कि बिना हेलमेट बाइक या अन्य दुपहिया वाहन नहीं चलाना है। हेलमेट को नजरअंदाज करते समय अपने माता-पिता, बच्चों, भाई-बहनों के बारे में सोचना होगा। हादसों में ज्यादा जवान मौत होती है। पुलिस की जिम्मेदारी तो बनती ही है। शहरी क्षेत्र में प्रमुख रास्तों, चौराहों पर हेलमेट चैकिंग कर चालान काटा जाता है।

चकगर्बी कॉलोनियों के लोगों ने मास्टर प्लान 2025 पर आपत्ति दर्ज कराई

बीकानेर, (कासं)। सर्व कामगार सेवा संघ राजस्थान ने नगर नियोजन के मास्टर प्लान 2025 के विरूद्ध बीकानेर विकास प्राधिकरण में आपत्ति दर्ज करवाई। संघ के प्रदेशाध्यक्ष भंवर लाल पुरोहित के नेतृत्व में सैकडों कॉलोनीवासी एकत्रित हुए।

पूगल रोड स्थित चकगर्बी कॉलोनियों की एक बैठक का आयोजन कचहरी परिसर स्थित पब्लिक पार्क में की गई। बैठक की अध्यक्षता कॉलोनी वासी त्रिलोक चंद भाखर ने की। भाखर ने शुक्रवार शाम को 05 बजे प्रस्तावित बैठक में निर्धारित स्थान पर सभी को पहुंचने का भी आव्हान किया।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष पुरोहित ने बताया कि 2023-24 के मास्टर प्लान में चकगर्बी स्थिति कॉलोनियों को रिहायशी क्षेत्र (आर जोन) अंकित किया था। लेकिन मास्टर प्लान 2025 में औद्योगिक क्षेत्र (इंड. जोन) दर्शाया गया है। अगर यह लागू होता है तो 50000 से अधिक आबादी क्षेत्र बेघर हो जायेगा। कॉलोनी वासियों ने एक सुर में कहा कि नगर नियोजन ने अपनी हठधर्मिता नहीं छोडी तो हजारों परिवार सड़कों पर उतरने को मजबूर हो जायेंगे। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन व राज्य प्रशासन की होगी। बीडीए में आपत्ति दर्ज करवाने में संघ की संघर्ष समिति के आर. एस. हर्ष प्रदेश महामंत्री, धन्नादास जिला अध्यक्ष, त्रिलोक चंद भाखर, राजेन्द्र सैन, भरत सिंह, मांगीलाल, विक्रम सिंह, पूनम बिश्नोई, संतोष बिश्नोई, शंकर कूंकणा, गोविन्द पुरोहित, जयदेव रामावत, गोपाल सिंह, पूनम ज्याणी, श्रवण कुमार आचार्य, सहीराम चौधरी, तेजाराम भाट, महेन्द्र भाट, दलीप भाट, अनोप, दिनेश वैष्णव, विनोद रामावत, शंकर डेलू, राजू गोदारा, संपत बिश्नोई, राजूराम सुथार, बृजलाल पूनिया आदि मौजूद थे।

सर्व कामगार सेवा संघ राजस्थान ने नगर नियोजन के मास्टर प्लान 2025 के विरूद्ध बीकानेर विकास प्राधिकरण में आपत्ति दर्ज करवाई।

- **मास्टर प्लान लागू होता है तो 50000 से अधिक आबादी क्षेत्र बेघर हो जायेगा**

शिविर में हुआ खाता विभाजन

श्रीगंगानगर, (कासं)। गुरूवार को उपखण्ड गंगानगर की ग्राम पंचायत रोहिड़ावाली में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में प्रार्थी मुरलीधर महेन्द्र पाल पिसरान जाति सुथार निवासी रोहिडांवाली ने प्रार्थना पत्र दिया कि उनकी कृषि भूमि पटवार मंडल रोहिडांवाली चक 2 पी बड़ी संयुक्त खाता संख्या 42/35 में ब हि ब 2.252 हेक्टेयर नहरी दर्ज रिकॉर्ड है। संयुक्त खाता होने के कारण उन्हें केसासी का लाभ प्राप्त करने में परेशानी हो रही थी। सह काश्तकारों की सहमति, रिपोर्ट पटवारी हल्का रोहिताश एवं भू-अभिलेख निरीक्षक सुखदीप सिंह की रिपोर्ट के बाद नायब तहसीलदार आदराम नायक ने शिविर में ही खाता विभाजन आदेश जारी कर एक प्रति प्रार्थी गण को दी। शिविर में एक शुद्धिपत्र एवं 8 नामांतरण दर्ज कर काश्तकारों को राहत प्रदान की। साथ ही 42 किसानों को किसान गिरदावरी एप डाउनलोड करवाकर डिजिटल किसान गिरदावरी करने हेतु प्रेरित किया।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक :- LU2012/SGN/2025-26/101402 **लोक सूचना** दिनांक : 01.08.2025

श्री कुलदीप कुमार पुत्र श्री राम कृष्ण निवासी 77 मधुबन कॉलोनी, वृद्ध आश्रम रोड़, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का औद्योगिक (कृषि आधारित) प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 3 एफ छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्री कुलदीप कुमार पुत्र श्री राम कृष्ण	चक 3 एफ छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 8/6 में 0.0501 है. किला नं. 8/7 में 0.0501 है. यथाकुल 0.1002 हैक्टेयर	कुल 0.1002 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 01.08.2025 को जारी की गयी। - प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियोजन / 2025/ **विज्ञप्ति** दिनांक : 25-09-2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 29 किला नं. 3 के भूखण्ड संख्या F-01 क्षेत्रफल 30'-0" X 60'-0" Feet का आवासीय पट्टा संख्या 9107 दिनांक 05.11.2018 द्वारा श्री जसकरण सिंह पुत्र श्री जीत सिंह निवासी श्रीगंगानगर के नाम से जारी है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 अनुसार एवं जोनल प्लान अनुसार प्रश्नगत क्षेत्र का भू-उपयोग आवासीय हेतु आरक्षित है। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर की अधिसूचना क्रमांक प. 11(8)नविवि/2020 दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां की तालिका सं. 10 के अनुसार मास्टर प्लान/जोनल प्लान में 18 मीटर व उससे अधिक चौड़ाई की सड़कों के दोनों ओर सड़क की चौड़ाई का 1.5 गुणा तक मिश्रित भू उपयोग सीधे ही अनुमत है। मास्टर प्लान 2017-35 एवं राजस्थान भवन विनियम 2020 के प्रावधानों के अनुसार मिश्रित भू उपयोग में वाणिज्यिक भू उपयोग अनुज्ञेय है। राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010, अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार पट्टे/लीजडीड में उल्लेखित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (परमिटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विभागीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का आवासीय रूपान्तरित से मिश्रित (वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बावत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। RajKaj Ref No.: 17949750 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर